जनसंपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

14 जुलाई 2019

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया की रेजिडेंशियल कोचिंग अकादमी ने छुआ सफलता का नया मुकाम,102 छात्रों ने पास की यूपीएससी प्रेलिम्स परीक्षा**

जामिया की रेजिडेंशियल कोचिंग अकादमी से सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे 102 छात्रों ने यूपीएससी 2019 सिविल सर्विसेज प्रेलिम्स परीक्षा पास की है। अकादमी से 200 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमे से 102 छात्रों ने सफलता हासिल की है। यानी 50 फीसदी से ज़्यादा छात्रों ने यह परीक्षा पास की है जो किसी भी दूसरे संस्थान से बहुत बेहतर है।

परीक्षा पास करने वाले छात्र विभिन्न धर्मों, जातियों, क्षेत्रों और समुदायों से ताल्लुक रखते हैं। कामयाबी हासिल करने वाले ये 102 छात्र अब सिविल सर्विसेज2019-मेंस परीक्षा में बैठेंगे जो 20सितंबर 2019 को शुरू होगी। आरसीए, जामिया मिल्लिया इस्लामिया अब इन छात्रों को मेंस परीक्षा और पर्सनालिटी टेस्ट के लिए भी मुफ्त कोचिंग देगा। इनके अलावा अकादमी एससी, एसटी, महिला उम्मीदवार और अल्पसंख्यक समुदायों के 30 अन्य नए छात्रों को भी मेंस और पर्सनालिटी टेस्ट के लिए तैयारी करवायेगा जिन्होंने कहीं और से प्रेलिम्स के लिए तैयारी की थी। ये छात्र एक हफ्ते के अंदर cccp@jmi.ac.in. पर फ्री कोचिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बारे में ज़्यादा जानकारी जामिया की वेबसाइट www.jmi.ac.in से हासिल की जा सकती है।

आरसीए, जामिया मिल्लिया इस्लामिया सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए रेगुलर क्लासेज, टेस्ट सिरीज़(ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव दोनो), विशेषज्ञों द्वारा विशेष लेक्चर, मॉक इंटरव्यू, 24x7 लाइब्रेरी और हॉस्टल की सुविधा प्रदान करता है। 2010 में आरसीए की शुरुआत हुई थी और तब से लेकर अबताक यहां से200 से ज़्यादा सिविल सर्वेंट निकल चुके हैं जिनमे आईएएस,आईपीएस,आईएफएस,आईएफओएस,आईआरएस,आईआरटीएस वगैरह शामिल हैं। इनके अलावा आरसीए,जामिया से 250 से ज़्यादा छात्र प्रादेशिक सिविल सर्विसेज परीक्षा पास कर चुके हैं।

गौरतलब है की कुछ छात्र आरसीए, जामिया से सारी कोचिंग लेने के बाद कुछ गैर सरकारी संस्थाओं की अकादमियों और प्राइवेट कोचिंग सेन्टर में सिर्फ़ मॉक-इंटरव्यू (30-40 मिनट) की प्रैक्टिस के लिए जाते हैं। ऐसे में इनमें से कुछ अकादमी यह दावा करने लगते हैं कि कामयाब छात्र ने उनके संस्थान से कोचिंग ली थी।

अहमद अज़ीम
जनसंपर्क अधिकारी-मीडिया समन्वयक